समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# इजरायल-ईरान मिसाइल वॉर से सोने की कीमत मे गिरावट, अब 10 ग्राम सोना हुआ सस्ता।

Publisher
Published on 21 Jun 2025



## मल्टी कमोडिटी एक्सचेजं (MCX) पर सोने की कीमत 99,000 रुपये से नीचे, अंतरराष्ट्रीय बाजारों मे भी गिरावट, ट्रम्प और फेड के फैसले से तय होगी आगे की दिशा।

**नई दिल्ली :** इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और मिसाइल हमलों की वजह से जहां दुनियाभर में राजनीतिक अनिश्चितता गहराई है, वहीं सोने की कीमत में भी अप्रत्याशित गिरावट देखने को मिली है। पारंपरिक रूप से “Safe-Haven Asset” माने जाने वाले सोने में गिरावट ने निवेशकों को हैरान कर दिया है।

**सोने की कीमत मे 1% से ज्यादा की गिरावट**
शुक्रवार को **MCX (Multi Commodity Exchange)** पर **गोल्ड अगस्त वायदा** में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। कारोबारी सत्र के दौरान सोना न्यूनतम **₹98,431 प्रति 10 ग्राम** तक गिरा और अधिकतम **₹99,198 तक** पहुंचा। दिन के अंत में यह **₹99,096** पर बंद हुआ, जो पिछले सत्र की तुलना में कम है।

सप्ताह भर में सोने में करीब **1% की गिरावट दर्ज** की गई है। दूसरी ओर, **चांदी की कीमत ₹51 की तेजी** के साथ **₹1,06,275 प्रति किलो** पर बंद हुई।

**अंतरराष्ट्रीय बाज़ार मे भी दिखी कमजोरी**

स्पॉट गोल्ड की कीमत **0.2% घटकर $3,365.51 प्रति** आउंस रही, जबकि **यूएस गोल्ड फ्यूचर्स 0.7% गिरकर $3,385.50** पर पहुंच गया। चांदी की कीमतें भी **1.1% तक** गिरीं, जो **अमेरिकी डॉलर** की मजबूती, **बॉन्ड यील्ड्स** में इज़ाफा और **फेडरल रिजर्व** की अनिश्चित ब्याज दर नीति के कारण हुआ।

क्या है गिरावट की वजह?

1. **इजरायल-ईरान संकट**

**इजरायल और ईरान** के बीच लगातार चल रही **मिसाइल** जंग से बाजारों में दहशत का माहौल है। पहले उम्मीद थी कि तनाव बढ़ने से सोने की मांग बढ़ेगी, लेकिन डॉलर की मजबूती ने सोने को कमजोर बना दिया।

2. **अमेरिका का रुख और ट्रम्प की भूमिका**

पूर्व **राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प** के **इजरायल-ईरान संकट** में अमेरिका की भागीदारी पर जल्द निर्णय लेने की अटकलें लगाई जा रही हैं। अगर अमेरिका सैन्य रूप से शामिल होता है तो इससे सोने की कीमत में भारी उछाल संभव है।

3. **फेडरल रिजर्व की नीति**

**फेडरल रिजर्व जुलाई 2025** से ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, लेकिन अभी भी तस्वीर स्पष्ट नहीं है। **चेयरमैन जेरोम पॉवेल** का डेटा-आधारित रुख निवेशकों को असमंजस में डाल रहा है।

**विशेषज्ञों की राय: Sell-on-Rise की रणनीति**

**टेक्निकल एक्सपर्ट्स** का मानना है कि **MCX गोल्ड को ₹97,000 प्रति 10 ग्राम** पर सपोर्ट मिल सकता है। ऐसे में निवेशकों को सलाह दी जा रही है कि जब तक बाजार स्थिर न हो जाए, उछाल पर बिकवाली (Sell-on-Rise) की रणनीति अपनाना बेहतर होगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.